बीएचईएल ने इलेक्ट्रिक बसों का ऑर्डर प्राप्त किया

नई दिल्ली, 16 मार्च: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने गोरखपुर सिटी के लिए अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बसों के साथ-साथ इन बसों को चार्ज करने की आधारभूत सुविधाओं की आपूर्ति का प्रतिष्ठित ऑर्डर प्राप्त किया है।

बीएचईएल को यह ऑर्डर शहरी परिवहन निदेशालय (यूटीडी), लखनऊ द्वारा दिया गया है। इन लो फ्लोर, विकलांग-अनुकूल इलेक्ट्रिक बसों को यूटीडी द्वारा गोरखपुर हवाई अड्डे पर तैनात किया जाएगा।

यह कंपनी के नए बाजारों / व्यवसायों में विस्तार करने की पहल के अनुरूप है। इसके अतिरिक्त, परिवर्तन यात्रा के भाग के तौर पर, बीएचईएल रक्षा और एयरोस्पेस, जल, ई-गतिशीलता, बैटरी, नवीकरण और परिवहन व्यवसायों में की गई पहल को पुनर्जीवित और मजबूत कर रहा है।